

NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



APRIL-2026

Your Path to Success

खंड - अ

प्रश्न 1. धर्म सुधार का सबसे अच्छा वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?

(A) चर्च के नियमित कार्यक्रमों द्वारा

(B) किसी शांतिपूर्ण धार्मिक बैठक द्वारा

(C) धार्मिक पुनरुत्थान की ओर ले जाने वाले एक प्रमुख मोड़ द्वारा

(D) शासकों के बीच एक राजनीतिक समझौते द्वारा

उत्तर - (C) धार्मिक पुनरुत्थान की ओर ले जाने वाले एक प्रमुख मोड़ द्वारा

प्रश्न 2. फासीवाद मुख्यतः उच्च वर्ग के अभिजात और पूंजीपतियों द्वारा समर्पित था क्योंकि :

(A) इसने समानता और समाजवाद को बढ़ावा दिया।

(B) इसने समाजवाद के खतरे से बचाने का वादा किया।

(C) इसने श्रमिकों और किसानों को मताधिकार प्रदान किया।

(D) इसने अंतर्राष्ट्रीय शांति और निरस्त्रीकरण को प्रोत्साहित किया।

उत्तर - (B) इसने समाजवाद के खतरे से बचाने का वादा किया

प्रश्न 3. वर्ष 1498 में वास्को-डी-गामा द्वारा भारत के लिए समुद्री मार्ग खोजने का मुख्य परिणाम क्या था?

(A) अंग्रेज़, फ्रांसीसी, पुर्तगाली और डच जैसी यूरोपीय शक्तियाँ व्यापार और मिशनरी कार्य के लिए भारत आईं।

(B) मसालों के लिए डच भारत में आए।

(C) भारत एक पुर्तगाली उपनिवेश बन गया।

(D) वास्को-डी-गामा ने पुर्तगालियों के लिए भारत पर शासन किया।

उत्तर – (A) अंग्रेज़, फ्रांसीसी, पुर्तगाली और डच जैसी यूरोपीय शक्तियाँ व्यापार और मिशनरी कार्य के लिए भारत आईं।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 4. 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में किन दो नेताओं ने मैसूर साम्राज्य को मज़बूत किया और ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी?

(A) मीर कासिम और सिराजुदौला

(B) हैदर अली और टीपू सुलतान

(C) नाना फड़नवीस और बाजीराव द्वितीय

(D) डुपले और ला-बॉर्डोनिस

उत्तर – (B) हैदर अली और टीपू सुलतान

प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध प्रतिरोध आंदोलनों के सामान्य उद्देश्य को स्पष्ट करता है?

(A) आधुनिक ब्रिटिश शिक्षा और जीवन-शैली को अपनाने की इच्छा

(B) ब्रिटिश प्रशासनिक सुधारों का समर्थन करने का इरादा

(C) धन-ऋणदाताओं और व्यापारियों के साथ सहयोग करने की इच्छा

(D) पारंपरिक प्रणालियों को बहाल करना और बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करना

उत्तर - (D) पारंपरिक प्रणालियों को बहाल करना और बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करना

प्रश्न 6. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) इसकी स्थापना वर्ष 1885 में एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश अधिकारी ह्यूम द्वारा की गई थी।

(B) ह्यूम का उद्देश्य भारतीय राजनीतिक आकांक्षाओं के लिए एक संवैधानिक मंच प्रदान करना था।

(C) कांग्रेस का गठन एक जन विद्रोह और जन आंदोलन के माध्यम से हुआ।

(D) प्रारम्भ में कांग्रेस नेताओं को ब्रिटिश सरकार की न्याय की भावना पर विश्वास था।

उत्तर - (C) कांग्रेस का गठन एक जन विद्रोह और जन आंदोलन के माध्यम से हुआ।

प्रश्न 7. भारत में जल संचयन और नदी संरक्षण के प्रयासों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(A) जल संचयन से नदी घाटियों में मानसून के पानी को बनाए रखने में सहायता मिलती है।

(B) जन-आंदोलनों ने जल-संबंधी मुद्दों में कोई रुचि नहीं दिखाई।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(C) नागरिक संगठन प्रदूषित नदियों के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं।

(D) भारत में नदियों की गंभीर स्थिति को लेकर चिंता बढ़ रही है।

उत्तर - (B) जन-आंदोलनों ने जल-संबंधी मुद्दों में कोई रुचि नहीं दिखाई।

प्रश्न 8. भारत के दिए गए रेखा मानचित्र पर, बिंदु A पर चिह्नित पर्वत शिखर की पहचान कीजिए।

(A) मकालू

(B) त्रिशूल

(C) कंचनजंगा

(D) अन्नपूर्णा



उत्तर – (C) कंचनजंगा

प्रश्न 9. भारत के रेखा मानचित्र पर बिंदु R पर चिह्नित नदी की पहचान कीजिए।

(A) गंगा

(B) यमुना

(C) गोदावरी

(D) कावेरी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



उत्तर - (D) कावेरी


प्रश्न 10. भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में A से चिह्नित पहाड़ी की पहचान कीजिए।

(A) सतमाला पहाड़ी

(B) अन्नामलाई पहाड़ी

(C) कारडामोम पहाड़ी

(D) पटकोई पहाड़ी





All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (B) अन्नामलाई पहाड़ी

प्रश्न 11. दिए गए मानचित्र पर M से चिह्नित पर्वत श्रृंखला पश्चिमी भारत में स्थित है। इस पर्वत श्रृंखला की पहचान कीजिए।

(A) गिर श्रृंखला

(B) सतपुड़ा श्रृंखला

(C) राजमहल श्रृंखला

(D) अजन्ता श्रृंखला



उत्तर - (A) गिर श्रृंखला

प्रश्न 12. भारत में राज्य स्तर पर कार्यकारी शक्तियों का वास्तविक प्रयोग कौन करता है?

(A) राष्ट्रपति

(B) गवर्नर (राज्यपाल)

(C) मुख्यमंत्री

(D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

उत्तर - (C) मुख्यमंत्री

प्रश्न 13. भारत में न्यायिक सक्रियता के प्रति जनता के समर्थन का प्राथमिक कारण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) यह सरकार के हितों की रक्षा करता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(B) यह वंचितों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करता है।

(C) यह न्याय प्रदान करने में देरी करता है।

(D) यह न्यायपालिका की शक्तियों को सीमित करता है।

उत्तर - (B) यह वंचितों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करता है।

प्रश्न 14. भारत में दो या दो से अधिक राज्यों के बीच के विवाद सर्वोच्च न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार में आते हैं?

(A) अपीलीय क्षेत्राधिकार

(B) मन्त्रणा संबंधी क्षेत्राधिकार

(C) न्यायिक पुनरावलोकन

(D) मूल क्षेत्राधिकार

उत्तर - (D) मूल क्षेत्राधिकार

प्रश्न 15. लोकतंत्र के संचालन के लिए राजनीतिक दल क्यों अनिवार्य हैं?

(A) वे न्यायपालिका को नियंत्रित करते हैं।

(B) वे पुलिस के माध्यम से कानून लागू करते हैं।

(C) वे सरकार और जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं।

(D) वे नागरिकों को चुनाव लड़ने से रोकते हैं।

उत्तर - (C) वे सरकार और जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं।

प्रश्न 16. 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं को समाप्त कर दिया।

(B) वे सन् 1993 में पारित किए गए थे।

(C) यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(D) यह स्थानीय स्वशासी निकायों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करते हैं।

उत्तर - (A) उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं को समाप्त कर दिया।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 17. भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में जाति-व्यवस्था द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) जाति व्यवस्था समानता और न्याय को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में मदद करती है।

(B) हाल ही के दिनों में, जाति और राजनीति के मिश्रण ने सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने में मदद की है।

(C) जाति के राजनीतिकरण और निरंतर सामाजिक-आर्थिक असमानताएं लोकतंत्र के आदर्शों में बाधक होती हैं।

(D) जाति आधारित प्रथाओं का भारत के लोकतंत्र की कार्यप्रणाली पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

उत्तर - (C) जाति के राजनीतिकरण और निरंतर सामाजिक-आर्थिक असमानताएं लोकतंत्र के आदर्शों में बाधक होती हैं।

प्रश्न 18. सामाजिक-आर्थिक विकास की सही समझ क्या हो सकती है? नीचे दिए कोड़ (कूट) से अपना सही उत्तर चुनिए :

I. यह बेहतर शिक्षा, आय, कौशल और रोजगार के माध्यम से लोगों की जीवन-शैली में सुधार को संदर्भित करता है।

II. इसमें सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कारकों पर आधारित आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन शामिल हैं।

III. इसका संबंध साहित्य और भाषा में किसी भी प्रकार के सुधार से है।

IV. इसमें केवल वैज्ञानिक और तकनीकी विकास ही शामिल है।

कोड :

(A) केवल I **(B) I और II**

(C) I, II और III **(D) I, II, III और IV**

उत्तर - (B) I और II

प्रश्न 19. पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों ने अन्य राज्यों की तुलना में उच्च कृषि उत्पादकता कैसे हासिल की है?

(A) भारत में सबसे अधिक वर्षा यहीं होती है।

(B) यहाँ व्यापक सिंचाई व्यवस्था अपनाई गई और उर्वरकों का भरपूर प्रयोग किया करते हैं।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(C) यहाँ पारंपरिक कृषि पद्धतियों का पालन किया गया।

(D) यहाँ केवल नकदी फसलें ही उगाई जाती हैं।

उत्तर - (B) यहाँ व्यापक सिंचाई व्यवस्था अपनाई गई और उर्वरकों का भरपूर प्रयोग किया करते हैं।

प्रश्न 20. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में शांति और सुरक्षा को शामिल करना क्या दर्शाता है?

(A) यह केवल ऐतिहासिक संदर्भ हैं।

(B) यह कानूनी तौर पर लागू करने योग्य अधिकार हैं।

(C) राज्य को कानून और नीतियाँ बनाते समय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

(D) शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी सिर्फ न्यायपालिका पर है।

उत्तर - (C) राज्य को कानून और नीतियाँ बनाते समय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

प्रश्न 21. पुनर्जागरण के उत्तरार्ध में यूरोप के इतिहास में दो प्रमुख घटनाएँ हुई। पहला _____ धर्मसुधार थी और दूसरी _____ धर्मसुधार थी। (जिसे प्रति धर्मसुधार भी कहा जाता है।)

(A) प्रोटेस्टेंट, कैथोलिक

(B) लूथरन, जेसुइट

(C) कैल्विनिस्ट, पापल

(D) प्रोटेस्टेंट, लूथरन

उत्तर - (A) प्रोटेस्टेंट, कैथोलिक

प्रश्न 22. सती प्रथा का प्रचलन था जिसमें एक _____ औरत को मजबूर किया जाता था कि वह अपने पति की _____ पर खुद को जला दें।

(A) विधवा, चिता

(B) विवाहित, ऑल्टर

(C) संतानहीन, नदी का किनारा

(D) बुजुर्ग, वेदी

उत्तर - (A) विधवा, चिता

प्रश्न 23. रिक्त स्थान भरिए :

पहला हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम_____ में_____ के अथक प्रयासों के कारण प्रस्तुत किया गया था।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - 1856, ईश्वरचंद्र विद्यासागर

प्रश्न 24. रिक्त स्थान भरिए :

अमृतसर और लाहौर में दो सिंह _____ का गठन 1870 के दशक में किया गया जिससे सिखों के बीच में _____ सुधार आंदोलन की शुरुआत की गई।

उत्तर – सभा, धार्मिक

प्रश्न 25. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए।

(I) ईस्ट इंडिया कंपनी में भारतीय सैनिकों को _____ से ऊपर के पदों पर नहीं रखा जाता था।

उत्तर - सूबेदार

(II) _____ पहला सैनिक था जिसने खुले रूप से अंग्रेजों के आदेशों का उल्लघंन किया था।

उत्तर - मंगल पांडे

प्रश्न 26. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए।

(I) सतह के पानी का मुख्य रूप से नदियों के माध्यम से प्रवाह होता है। इस प्रणाली को किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर - अपवाह तंत्र (Drainage System)

(II) किसी भी पर्वतश्रेणी के सबसे ऊँचे बिन्दु को किस नाम से जाना जाता है ?

उत्तर - चोटी (Peak)

प्रश्न 27. निम्नलिखित वाक्यों को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पूरा कीजिए।

(I) दो पहाड़ियों के बीच का प्राकृतिक रास्ता _____ कहलाता है।

उत्तर - दर्रा (Pass)

(II) पर्वतों, श्रेणियों और चोटियों से भरे बड़े भू-भाग को _____ कहते हैं।

उत्तर - पर्वत श्रृंखला



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 28. रिक्त स्थान भरिए :

ट्रांस हिमालय श्रेणी में सिंधु नदी _____ और _____ श्रेणी के बीच से होकर बहती है।

(A) जस्कर, लद्दाख **(B) अरावली, सतपुड़ा**

(C) कराकोरम, विंध्या **(D) नीलगिरी, पूर्वी घाट**

उत्तर - (A) जस्कर, लद्दाख

प्रश्न 29. रिक्त स्थान भरिए :

आज कंप्यूटर (सूचना प्रौद्योगिकी) _____और _____ का आधार बन गया है क्योंकि इसका उपयोग घर, कार्यालय, हवाई अड्डे, बैंक आदि में हर जगह किया जाता है।

उत्तर – संचार, आर्थिक विकास

प्रश्न 30. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये।

(I) किसी राज्य के राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है?

उत्तर – भारत के राष्ट्रपति

(II) मुख्यमंत्री के परामर्श पर मंत्री परिषद के सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है ?

उत्तर - राज्यपाल

प्रश्न 31. नीचे लिखे वाक्यों को पूरा कीजिए।

(I) जम्मू-कश्मीर विधान परिषद में सदस्यों की संख्या _____ है।

उत्तर - 36 सदस्य (वर्तमान में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत विधान परिषद समाप्त कर दी गई है।)

(II) महाराष्ट्र राज्य में विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो बच्चे स्कूलों, परिवारों और समुदायों में सफाई और स्वच्छता के संबंध में जागरूकता ला रहे हैं उन्हें _____ कहा जाता है।

उत्तर - स्वच्छता दूत



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 32. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए।

(I) भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में मतदान के लिए क्या तरीका अपनाया जाता है?

उत्तर - आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा एकल संक्रमणीय मत

(II) राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उपराष्ट्रपति कितने समय तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर सकता है?

उत्तर - अधिकतम 6 महीने

प्रश्न 33. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए :

(I) संविधान के उल्लंघन के लिए राष्ट्रपति को हटाने की प्रक्रिया को किस नाम से पुकारा जाता है?

उत्तर - महाभियोग

(II) संघ सरकार की विधायी शाखा को किस नाम से जाना जाता है ?

उत्तर - संसद

प्रश्न 34. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए :

(I) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश _____ वर्ष की आयु तक अपने पद पर बने रहते हैं।

उत्तर – 65 वर्ष

(II) लोक सभा की अध्यक्षता _____ द्वारा की जाती है।

उत्तर - लोकसभा अध्यक्ष

प्रश्न 35. रिक्त स्थान भरिए :

सुरक्षा का तात्पर्य खतरनाक खतरों से _____ है तथा इसका सम्बन्ध उन खतरों से भी है जो मानवाधिकार जैसे मूलभूत मूल्यों को _____ करते हैं।

उत्तर – मुक्ति, क्षतिग्रस्त



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

खंड – ब

प्रश्न 36. जापान के इतिहास में 1868 के मीजी पुनर्स्थापना के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - वर्ष 1868 की मीजी पुनर्स्थापना जापान के इतिहास में महत्त्वपूर्ण मोड़ थी। इससे सामंती व्यवस्था में बदलाव आया और देश में आधुनिकीकरण की शुरुआत हुई। सरकार ने उद्योगों, आधुनिक शिक्षा और बैंकिंग का विकास किया तथा इस्पात एवं कपड़ा कारखाने स्थापित किए। साथ ही, सेना को आधुनिक बनाया गया। इन प्रयासों से जापान धीरे-धीरे एक शक्तिशाली औद्योगिक और सैन्य राष्ट्र बना।

प्रश्न 37. ब्रिटिश शासन के दौरान नील उगाने वाले किसानों में बढ़ते असंतोष के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - नील उगाने वाले किसानों में असंतोष के दो कारण निम्नलिखित हैं -

1. **कम कीमत :** अंग्रेजों द्वारा किसानों को नील की खेती के लिए बहुत ही कम पैसे दिए जाते थे, जिससे उन्हें कोई फायदा नहीं होता था।
2. **जमीन का खराब होना :** नील की खेती करने से खेत की मिट्टी की उपजाऊ शक्ति खत्म हो जाती थी, जिससे अन्य फसलें उगाना मुश्किल हो जाता था।

अथवा

वहाबी आंदोलन के नेता का नाम लिखिए और इस आंदोलन का महत्व स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - वहाबी आंदोलन के नेता रायबरेली के सैयद अहमद बरेलवी थे। इस आंदोलन का मुख्य महत्व यह था कि यह मूल रूप से एक धार्मिक आंदोलन था। लेकिन शीघ्र ही इसने शोषित किसानों को जमींदारों और अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट कर एक सशक्त वर्ग-संघर्ष का रूप दे दिया, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ जन-प्रतिरोध को मजबूती प्रदान की।

प्रश्न 38. भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों के अध्याय में 'शिक्षा का अधिकार' को किस अनुच्छेद के अन्तर्गत शामिल किया गया और क्यों किया गया? कारण लिखिए।

उत्तर - शिक्षा के अधिकार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21-A के अंतर्गत मौलिक अधिकारों में शामिल किया गया है। इसे इसलिए शामिल किया गया ताकि 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार मिल सके, जो हर नागरिक के सर्वांगीण विकास और एक सशक्त एवं शिक्षित समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

अथवा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया और इस का भारत में बच्चों के लिए क्या प्राप्त करने का लक्ष्य था?

उत्तर - शिक्षा का अधिकार अधिनियम वर्ष 2009 में पारित किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे के लिए मुफ्त और अनिवार्य गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर सुनिश्चित करना था, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक या सामाजिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे।

प्रश्न 39. एक राजनीतिक दल सत्ता प्राप्त करने का लक्ष्य क्यों रखता है? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - एक राजनीतिक दल सत्ता (सरकार) प्राप्त करने का प्राथमिक लक्ष्य इसलिए रखता है क्योंकि सत्ता में आए बिना वह अपनी नीतियों, विचारधारा और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों को देश में व्यावहारिक रूप से लागू नहीं कर सकता। चुनाव जीतकर सरकार बनाने से ही दल को नीतियाँ बनाने, कानून पारित करने और देश के शासन-प्रशासन के संचालन का वैधानिक अधिकार एवं अधिकार-शक्ति प्राप्त होती है।

अथवा

भारत की दलीय व्यवस्था को बहुदलीय व्यवस्था क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - भारत की दलीय व्यवस्था को बहुदलीय व्यवस्था इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहाँ संविधान द्वारा प्रत्येक नागरिक को राजनीतिक दल बनाने की स्वतंत्रता है। भारत की सामाजिक, भाषाई और सांस्कृतिक विविधताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए देश में कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल मौजूद हैं जो आपस में प्रतिस्पर्धा करते हैं और गठबंधन सरकारें भी बनाते हैं।

प्रश्न 40. भारत में अस्पृश्यता को एक दण्डनीय अपराध क्यों बनाया गया? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - भारत में अस्पृश्यता एक दंडनीय अपराध है, क्योंकि यह जाति के आधार पर लोगों से भेदभाव करती है और उनके सम्मान को ठेस पहुँचाती है। संविधान का अनुच्छेद 17 इसे पूरी तरह समाप्त करता है। इसे दंडनीय अपराध इसलिए बनाया गया ताकि सदियों से चली आ रही सामाजिक असमानता को खत्म करके प्रत्येक नागरिक को समान सम्मान, अधिकार तथा समाज में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर दिया जा सके।

प्रश्न 41. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब और क्यों की गई थी?

उत्तर - राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना वर्ष 1993 में हुई थी। इसका उद्देश्य मानवाधिकारों की रक्षा और उनके उल्लंघन की शिकायतों की जाँच करना है। यह जीवन, स्वतंत्रता, समानता तथा सम्मान जैसे अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। साथ ही, लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार को सुझाव भी देता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 42. पुनर्जागरण का शाब्दिक अर्थ क्या है और यह 14वीं शताब्दी में इटली में क्यों शुरू हुआ?

उत्तर - पुनर्जागरण का शाब्दिक अर्थ 'फिर से जागना' या 'पुनर्जन्म' है। यह 14वीं शताब्दी में इटली से निम्नलिखित कारणों से शुरू हुआ :

1. **व्यापारिक समृद्धि :** इटली के शहर (जैसे फ्लोरेंस, वेनिस) अंतरराष्ट्रीय व्यापार के केंद्र थे, जिससे वहाँ एक समृद्ध और स्वतंत्र व्यापारी वर्ग का उदय हुआ।

2. **प्राचीन ज्ञान का संरक्षण :** रोम की प्राचीन यूनानी और रोमन सांस्कृतिक विरासत का केंद्र होने के कारण यहाँ विद्वानों और कलाकारों को विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता मिली।

अथवा

प्रति-सुधार क्या है? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार आंदोलन की प्रतिक्रिया में कैथोलिक चर्च द्वारा अपने भीतर सुधार करने के प्रयासों को प्रति-सुधार (Counter-Reformation) कहा जाता है। इसके प्रमुख प्रयास निम्नलिखित थे -

1. आंतरिक सुधार : कैथोलिक चर्च ने भ्रष्टाचार और गलत धार्मिक प्रथाओं को दूर करने तथा चर्च की व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास किए।

2. सोसायटी ऑफ जीसस की स्थापना : इग्नेशियस लोयोला ने इस संस्था की स्थापना की। इसका उद्देश्य धार्मिक अनुशासन, समाज सेवा और धर्म-प्रचार के माध्यम से कैथोलिक चर्च को मजबूत बनाना था।

प्रश्न 43. अंग्रेजों ने भारत पर अपना नियंत्रण मजबूत करने के लिए राजनीतिक शक्ति, व्यापार नीतियों तथा शिक्षा का उपयोग कैसे किया ? विश्लेषण कीजिए।

उत्तर - अंग्रेजों ने निम्नलिखित तरीके अपनाए :

1. **राजनीतिक शक्ति :** उन्होंने युद्धों और सहायक संधि जैसी नीतियों से भारतीय राज्यों को अपने अधीन किया। इससे उनके शासन का विस्तार हुआ।

2. **व्यापारिक नीतियाँ :** उन्होंने भारत से सस्ता कच्चा माल लेकर ब्रिटेन में सामान बनवाया और उसे भारत में बेचा। इससे अंग्रेजों को आर्थिक लाभ हुआ तथा भारतीय उद्योग कमजोर हुए।

3. **शिक्षा :** अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से उन्होंने ऐसा शिक्षित वर्ग तैयार किया, जो उनके प्रशासन में काम कर सके। इससे उनके लिए भारत पर शासन करना आसान हुआ।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 44. भारतीय मानसून को कौन-सी विशेषताएँ अनूठा बनाती हैं? किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

उत्तर - भारतीय मानसून की तीन विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :

1. हवाओं की दिशा बदलना : गर्मियों में नम हवाएँ समुद्र से स्थल की ओर, जबकि सर्दियों में अधिकतर हवाएँ स्थल से समुद्र की ओर चलती हैं।

2. अनियमित एवं असमान वर्षा : केरल, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में अधिक, जबकि हरियाणा और मध्य प्रदेश जैसे आंतरिक क्षेत्रों में कम वर्षा होती है।

3. मानसून का फटना : मानसून आते ही अचानक भारी वर्षा शुरू हो जाती है, जो कई दिनों तक चल सकती है। यह मुख्यतः केरल तट पर दिखाई देता है।

प्रश्न 45. तमिलनाडु तट पर शीत ऋतु में वर्षा क्यों होती है जबकि भारत के अधिकांश भाग शुष्क रहते हैं? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - शीत ऋतु में तमिलनाडु तट पर वर्षा होने के दो मुख्य कारण हैं :

1. उत्तर-पूर्वी मानसूनी हवाएँ : शीत ऋतु में ये हवाएँ भूमि से समुद्र की ओर चलती हैं। इनमें नमी कम होती है, इसलिए भारत के अधिकांश भागों में वर्षा नहीं होती।

2. बंगाल की खाड़ी से नमी प्राप्त होना : इन हवाओं का एक भाग बंगाल की खाड़ी से गुजरते समय नमी प्राप्त कर लेता है। जब ये नम हवाएँ तमिलनाडु के तट पर पहुँचती हैं, तो वहाँ वर्षा होती है।

अथवा

विभिन्न ऋतुओं के दौरान पवन प्रणाली किस प्रकार भारत की जलवायु को प्रभावित करती है? विश्लेषण कीजिए।

उत्तर - भारत में ऋतुओं के अनुसार पवन प्रणाली बदलती है, जिससे तापमान और वर्षा कुछ इस प्रकार प्रभावित होते हैं -

1. शीत ऋतु : उत्तर-पूर्वी पवनें भूमि से समुद्र की ओर चलती हैं। इसलिए अधिकांश भारत में मौसम शुष्क रहता है।

2. ग्रीष्म ऋतु : गर्म और शुष्क हवाएँ चलती हैं। भूमि अधिक गर्म होने से निम्न वायुदाब बनता है।

3. वर्षा ऋतु : समुद्र से आने वाली नमी युक्त दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी पवनें भारत में व्यापक वर्षा कराती हैं।

4. मानसून की वापसी : बंगाल की खाड़ी से नमी प्राप्त करने वाली पवनें तमिलनाडु के तट पर वर्षा कराती हैं।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 46. आर्थिक वृद्धि और आर्थिक विकास के बीच किन्हीं दो अन्तरों का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर - आर्थिक वृद्धि और आर्थिक विकास के बीच अंतर :

आर्थिक वृद्धि	आर्थिक विकास
आर्थिक वृद्धि का अर्थ देश की आय, वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में बढ़ोतरी होना है।	आर्थिक विकास का अर्थ आय बढ़ने के साथ लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जीवन-स्तर में सुधार होना है।
इसे मुख्यतः राष्ट्रीय आय, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और प्रति व्यक्ति आय से मापा जाता है।	इसका आकलन आय के साथ लोगों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति में हुए सुधार से किया जाता है।

अथवा

ऐतिहासिक कारक, भौगोलिक परिस्थितियाँ और बुनियादी ढाँचे का अभाव भारत में क्षेत्रीय असमानताओं को कैसे प्रभावित करता है? इसका विश्लेषण कीजिए।

उत्तर - क्षेत्रीय असमानता को बढ़ावा देने वाले तीन प्रमुख कारक :

1. **ऐतिहासिक कारक :** ब्रिटिश शासन में व्यापारिक और बंदरगाह वाले क्षेत्रों का अधिक विकास हुआ, जबकि अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा हुई। इससे क्षेत्रों के विकास में अंतर बढ़ा।

2. **भौगोलिक परिस्थितियाँ :** पहाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में खेती, परिवहन और उद्योगों का विकास कठिन होता है। इसलिए ये क्षेत्र विकास में पीछे रह जाते हैं।

3. **बुनियादी ढाँचे का अभाव :** सड़क, बिजली, सिंचाई और संचार सुविधाओं की कमी से उद्योगों में निवेश कम होता है। इससे रोजगार के अवसर घटते हैं और क्षेत्रीय असमानता बढ़ती है।

प्रश्न 47. व्यक्ति, राष्ट्र और विश्व की प्रगति के लिए शांति और सुरक्षा क्यों आवश्यक हैं ? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - शांति और सुरक्षा प्रगति के लिए निम्नलिखित कारणों से आवश्यक हैं :

1. **सतत आर्थिक व सामाजिक विकास :** शांत वातावरण में लोग बिना डर के शिक्षा, रोजगार और व्यापार कर सकते हैं। साथ ही, सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकास कार्यों पर अधिक संसाधन खर्च कर सकती है।

2. **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और मानव कल्याण :** शांति से देशों के बीच व्यापार, तकनीकी सहयोग और आपसी विश्वास बढ़ता है। इससे जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्याओं का मिलकर समाधान करना आसान होता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 48. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर भारत में परिवहन सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित चार स्थानों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से इन स्थानों को पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।



(A) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक प्रमुख बंदरगाह।

उत्तर - पारादीप बंदरगाह, ओडिशा

(B) भारत का सबसे उत्तर में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा।

उत्तर - श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (Sheikh ul-Alam International Airport), जम्मू-कश्मीर

(C) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पश्चिमी छोर बिन्दु।

उत्तर - पोरबंदर, गुजरात

(D) एक शहर जहाँ उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम गलियारे परस्पर मिलते हैं।

उत्तर – झाँसी, उत्तर प्रदेश



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 49. नीचे दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को चिह्नित और नामांकित कीजिए :


(A) मध्य हिमालय पर स्थित पर्यटन स्थल शिमला

(B) पश्चिम बंगाल में स्थित एक बंदरगाह।

(C) केम्पे गौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा।

(D) गिर पर्वत श्रेणी

उत्तर - निम्नलिखित को मानचित्र पर इस प्रकार दर्शाया गया है :



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

प्रश्न 50. लॉर्ड कर्जन ने 1905 में बंगाल का विभाजन क्यों किया था? भारतीयों ने किस प्रकार इसका उत्तर दिया था और उनका उत्तर उस समय की राष्ट्रवाद की भावना के बारे में क्या स्पष्ट करता है?

उत्तर - लॉर्ड कर्जन द्वारा 1905 में किए गए बंगाल विभाजन को निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझा जा सकता है :

1. विभाजन का मुख्य कारण : अंग्रेजों ने प्रशासनिक सुविधा को विभाजन का कारण बताया, लेकिन वास्तविक उद्देश्य बंगाल में बढ़ते राष्ट्रवादी आंदोलन को कमजोर करना तथा हिंदुओं और मुसलमानों के बीच फूट डालना था।

2. भारतीयों की प्रतिक्रिया : भारतीयों ने 16 अक्टूबर 1905 को शोक दिवस मनाया। उन्होंने सभाएँ और जुलूस निकाले, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया तथा स्वदेशी वस्तुओं, उद्योगों और शिक्षा को बढ़ावा दिया।

3. राष्ट्रवाद की भावना : इस विरोध ने भारतीयों की एकता, साहस और आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित किया। इससे स्पष्ट हुआ कि स्वतंत्रता संघर्ष अब केवल प्रार्थनाओं और याचिकाओं तक सीमित न रहकर जन-आंदोलन बन रहा था।

अथवा

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रवादियों के उदय को एक महत्वपूर्ण मोड़ क्यों माना गया ? अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उनके विश्वास और प्रयोग किए गए तरीकों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - बीसवीं शताब्दी के आरंभ में भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन में उग्र राष्ट्रवादियों (गरम दल) का उदय हुआ। लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल इसके प्रमुख नेता थे।

1. महत्त्वपूर्ण मोड़ : इन राष्ट्रवादियों ने उदारवादियों की प्रार्थना और याचिका की नीति को अपर्याप्त माना तथा जनता को स्वतंत्रता संघर्ष से जोड़ा। इससे आंदोलन अधिक व्यापक हुआ।

2. मूल विश्वास : उनका मानना था कि स्वतंत्रता अंग्रेजों की कृपा से नहीं, बल्कि भारतीयों के संघर्ष से मिलेगी। साथ ही, तिलक ने स्वराज को जन्मसिद्ध अधिकार बताया।

3. संघर्ष के तरीके : उन्होंने जनसभाएँ और विरोध प्रदर्शन किए तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और राष्ट्रीय शिक्षा को बढ़ावा दिया। इससे राष्ट्रीय चेतना और आत्मनिर्भरता बढ़ी।

प्रश्न 51. राष्ट्रपति की किन्हीं छः विधायी सम्बन्धी शक्तियों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - भारत का राष्ट्रपति संसद का एक अभिन्न अंग होता है। संविधान द्वारा राष्ट्रपति को कई महत्वपूर्ण विधायी (कानून बनाने संबंधी) शक्तियाँ प्रदान की गई हैं, जो निम्नलिखित हैं :

1. **संसद को बुलाना :** राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों के सत्र बुलाता है।
2. **सत्र समाप्त करना :** वह संसद के सत्र का सत्रावसान कर सकता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **लोकसभा भंग करना :** वह मंत्रिपरिषद की सलाह पर लोकसभा भंग कर सकता है।
4. **संसद को संबोधित करना :** वह आम चुनाव के बाद और प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के आरंभ में संसद को संबोधित करता है।
5. **विधेयकों पर स्वीकृति :** राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद ही विधेयक कानून बनता है।
6. **अध्यादेश जारी करना :** संसद का सत्र न चलने पर वह आवश्यक परिस्थितियों में अध्यादेश जारी कर सकता है।

अथवा

भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के संदर्भ में 'निर्वाचक मण्डल' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए। भारत का राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए आवश्यक योग्यताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर –

निर्वाचक मंडल का अर्थ : भारत में राष्ट्रपति का चुनाव जनता सीधे नहीं करती। इसके लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक समूह होता है, जिसे निर्वाचक मंडल कहते हैं। इसमें लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य तथा दिल्ली और पुडुचेरी की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। मनोनीत सदस्य इसमें मतदान नहीं करते। राष्ट्रपति का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय मत प्रणाली से होता है।

भारत का राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ :

1. उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए।

2. उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।

3. वह लोकसभा का सदस्य चुने जाने की योग्यता रखता हो।

4. वह सरकार या उसके अधीन किसी संस्था में लाभ का पद न रखता हो।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success